## न्यूज ब्रीफ

### अटल आवासीय विद्यालय में मोनिका का चयन

**शेरगढ़, अमृत विचार :** ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय कस्बापुर में अध्ययनरत कक्षा 5 की छात्रा मोनिका कश्यप का चयन अटल आवासीय विद्यालय अधकटा नजराना नबावगंज में हो गया है। छात्रा मोनिका यहां कक्षा 6 में पढ़ाई शुरू करेंगी। अब उन्हें इंटरमीडिएट तक नि :शुल्क शिक्षा प्राप्त करने का गौरव हासिल हो सकेगा। पिता वीरेन्द्र कुमार मजदूरी और जशोदा की बेटी मोनिका का अटल आवासीय विद्यालय में चयन होने पर माता पिता की बेटी को उच्च शिक्षा दिलाने की चिंता दूर हो गई है।

### समीक्षा अधिकारी बने अनुज गंगवार

**शेरगढ़, अमृत विचार :** ब्लाक शेरगढ़ के गांव सिमरावा निवासी अनुज गंगवार ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग समीक्षा अधिकारी परीक्षा उतीर्ण कर ली है। अनुज शेरगढ़ के ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी के भांजे हैं। उनकी मां सुमनलता भी ब्लाक प्रमुख रह चुकी हैं। अनुज ने परीक्षा में 16वीं रैंक हासिल की है। उनके समीक्षा अधिकारी बनने पर परिवार में हर्ष का माहौल है। उनके पिता महेंद्र पाल गंगवार ने बेटे की कामयाबी पर खुशी जताई है।

### खिरका में शुरू हुई श्रीरामकथा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** ग्राम खिरका में संगीतमय साप्ताहिक श्रीराम कथा विधि विधान से शुरु हुई। कथा सात दिन तक चलेगी। नैमिषारण्य धाम से आए कथाव्यास आचार्य पंडित अवध किशोर शास्त्री 'सरस' ने पहले दिन कथा के माहात्म्य का बखान किया। इस दौरान तमाम श्रोताओं ने कथा सुनी।

# भोजीपुरा के कैफे में छात्रा से गैंगरेप, हालत बिगड़ी

## पहले दोस्त ने रेप किया फिर साथियों से कराया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता,भोजीपुरा

**अमृत विचार :** मार्कशीट लेने जा रही मदरसे की छात्रा से कैफे में गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नाबालिग लड़की को पहले उसका दोस्त बहाने से ले गया था और रेप कर अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद ब्लैकमेल करते हुए छात्रा से दूसरे बार 7 लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। हालत बिगड़ने पर परिवार को पता लगा तो थाने में शिकायत की गई। पुलिस ने घटना में शामिल कैफे संचालक सहित 7 लोगों के खिलाफ पॉक्सो सहित संगीन धाराओं में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, भोजीपुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग किशोरी मदरसे में पढ़ती है। 29 मार्च को उसे खजुरिया निवासी असद हैदर उर्फ करन फुसलाकर जादौंपुर स्थित एक कैफे में ले गया। कैफे की छत पर बने कमरे में असद ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और उसके अश्लील वीडियो भी बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसने छात्रा को चुप रहने के लिए मजबूर कर दिया। डर के मारे छात्रा ने परिजनों को कुछ नहीं बताया।

पांच दिन बाद 2 अप्रैल को छात्रा जादौंपुर के पास स्कूल से अंकपत्र लेने जा रही थी। तभी कस्बे का चांद उसो मिला और बाइक पर बिठाकर फिर उसी कैफे में ले गया। वहां असद हैदर के साथ छह अन्य युवक पहले से मौजूद थे। आरोप है कि चांद के साथ उसके साथियों ने बारी-बारी से छात्रा के साथ दरिंदगी की। फिर जान से मारने व वीडियो वायरल करने की धमकी दी। शरीर में दर्द बढ़ने पर उसने घर में दवा दिलाने की बात कही। तब ताऊ ने उससे जानकारी तो मामला खुलकर सामने आया।




- 7 लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज
- मदरसे में पढ़ने वाली नाबालिग को बनाया गया शिकार
- अश्लील वीडियो बनाकर छात्रा को किया गया ब्लैकमेल
- कैफे संचालक भी सनसनीखेज वारदात में था शामिल

### आरोपियो की तलाश में जुटीं पुलिस टीमें

पांच दिन में दो बार रेप व गैंगरेप का शिकार बनी पीड़ित छात्रा कैफे में हैवानियत के बाद किसी तरह घर पहुंची। उसकी तबियत खराब थी। परेशान होकर उसने घरवालों से दवा दिलाने को कहा। उसकी हालत देख परिजनों ने समझाकर पूछताछ की, तब उसने रोते हुए आपबीती सुनाई। बेटी के साथ हुई घटना से परिवार परेशान हो गया। छात्रा के ताऊ ने कार्रवाई के लिए थाना भोजीपुरा में शिकायत की तो पुलिस तुरंत कार्रवाई में जुट गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी असद हैदर उर्फ करन निवासी खजुरिया के अलावा चांद, समीर अहमद, बंटी, सैफी (कैफे संचालक) व दो अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी नार्थ मुकेश चन्द्र मिश्र का कहना है कि पुलिस तेजी से जांच में जुटी है। दोषियों पर कड़ा एक्शन लिया जाएगा। थाना प्रभारी नेबताया कि मदरसे में पढ़ने वाली नाबालिग से दुष्कर्म करने वालों की तलाश में पुलिस टीम लग गई है। शीघ्र पुलिस की पकड़ में होगें

## टहलने गई महिला ट्रेन की चपेट में आई

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतका की पहचान स्टेशन निवासी विनीता अग्रवाल(38 ) पत्नी अनूप अग्रवाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह लगभग पांच बजे विनीता टहलने के लिए घर से निकली थीं। रेलवे फाटक बंद होने के बावजूद वह उसके नीचे से निकलकर ट्रैक पार करने का प्रयास कर रही थीं। इसी दौरान अचानक ट्रेन आ गई और उसकी चपेट में आने से विनीता की मौके पर ही मौत हो गई। करीब 7:30 बजे तक जब विनीता घर नहीं लौटीं, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान जीआरपी पुलिस द्वारा दिखाई गई फोटो और कपड़ों के आधार पर परिजनों ने उनकी पहचान की।

## गैस एजेंसी पर एसडीएम का औचक निरीक्षण

**शीशगढ़ ,अमृत विचार :** मंगलवार दोपहर बाद शीशगढ़ स्थित एचपी गैस एजेंसी पर एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार ने औचक निरीक्षण किया । मंगलवार को एसडीएम शीशगढ़ पहुंचे और सभी रजिस्टर चेक किए। उपभोक्ताओं की शिकायत पर पहुंचे एसडीएम को एजेंसी पर सभी कुछ व्यवस्थित मिला है।

# स्मार्ट मीटर लगाने पर फूंका जेई का पुतला

संवाददाता नवाबगंज।

**अमृत विचार:** कस्बे में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी है। मंगलवार को उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में आक्रोशित व्यापारियों ने अवर अभियंता (जेई) का पुतला फूंककर विरोध जताया।

संगठन के अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता उर्फ लल्लू के नेतृत्व में व्यापारी पहले कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को पत्र देकर आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं की सहमति के बिना जेई जबरन स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। इसके बाद व्यापारियों ने एकत्र होकर चौराहे पर जेई का पुतला फूंका । व्यापारियों ने आरोप लगाया कि वह जबरन स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं और विरोध करने पर कनेक्शन काटने व रिपोर्ट न दर्ज कराने की धमकी दी जा रही है।

इस दौरान वीरेन्द्र गुप्ता उर्फ लल्लू, हरिपाल सिंह, आशीष गुप्ता, अरविंद शुक्ला, मनोज शर्मा, जितेन्द्र चड्ढा, दीपक पंडित, संजीव राठौर, अंकुर राठौर एड, गुड्डू वाल्मीकि, बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

**सुबह काटे कनेक्शन, शाम को फिर जोड़ दिए :** बिजौरिया रोड निवासी आदेश कुमार, पिंटू कुमार, पप्पू सक्सेना, तीरथ मल व उपेंद्र द्वारा स्मार्ट मीटर नहीं लगाने पर विभाग ने उपभोक्ताओं के कनेक्शन सुबह काट दिये। इस दौरान व्यापारियों ने विरोध किया लेकिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन नहीं जोड़े गये। दोपहर बाद व्यापारियों के विरोध प्रदर्शन और जेई का पुतला दहन करने के बाद सभी कनेक्शनों को जोड़ा गया।

**व्यापारी नेता के खिलाफ जेई ने दी तहरीर:नवाबगंज:** पुतला दहन के वायरल वीडियो के बाद जेई ने व्यापार मंडल के अध्यक्ष के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जेई नीरज कुमार ने बताया कि वह आदेश के अनुपालन पर कार्य कर रहे हैं। व्यापार मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता उर्फ लल्लू गुप्ता और अन्य लोगों ने उनके पुतले का दहन किया। पुतला दहन से सरकार, विभाग और उनके व्यक्तिगत सम्मान को ठेस करने का प्रयास हुआ है। ऐसे कृत्यों से सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न होती है।



नवाबगंज में जबरन स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में व्यापारियों ने पुतला फूंका।

### अफसरों और व्यापारियों में नहीं बनी सहमति

आंवला : नगर के विद्युत विभाग कार्यालय में स्मार्ट मीटर को लेकर आयोजित बैठक में उस समय तीखी बहस देखने को मिली जब व्यापार मंडल ने खुलकर विभागीय दावों पर सवाल उठा दिए। बैठक में अधिशासी अभियंता, एसडीओ व जेई ने स्मार्ट मीटर के फायदे गिनाते हुए इसे उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी बताया, लेकिन व्यापारी वर्ग पूरी तरह संतुष्ट नहीं दिखा। व्यापारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर से होने वाले फायदे और नुकसान का पहले स्पष्ट आकलन होना चाहिए। वर्तमान में इसे जबरन लागू करने का दबाव बनाया जा रहा है। भुगतान के बाद भी कनेक्शन चालू होने में देरी प्रमुख मुद्दा रहा। व्यापारियों ने मांग रखी कि स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर भी लगाया जाए, ताकि बिलिंग की पारदर्शिता बनी रहे । उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट अनिवार्य आदेश न हो, तब तक सहमति के आधार पर ही मीटर लगाए जाएं। बैठक में विभाग ने उपभोक्ताओं को मोबाइल नंबर रजिस्ट्रेशन व ऐप के जरिए बिल की जानकारी लेने की सुविधा बताई। हर माह समाधान दिवस और समस्याओं के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाने पर सहमति बनी। इसके बावजूद कई मुद्दों पर दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन सकी ।बैठक में पावर कार्पोरेशन के अधिशासी अभियंता दुर्गेश कुमार, एसडीओ कामेश कुमार ,जेई मनोज कुमार यादव रहे। व्यापार मंडल की ओर से सुनील गुप्ता, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, मशकूर खान ने मजबूती से पक्ष रखा। साथ ही कांता प्रसाद गुप्ता, नायाब खान, इकबाल अंसारी, अजय खंडेलवाल, विजय गुप्ता , संजय गुप्ता व अनुपम शंखधार आदि मौजूद रहे।

# छह सप्ताह में निकालें विवाद का हल

नवाबगंज। संवाददाता

- डीएम के निर्देश पर तहसीलदार और कोतवाल गांव पहुंचे, दोनों पक्षों से की वार्ता

**अमृत विचार:** ग्राम गंगापुर में देवस्थान भूमि पर अतिक्रमण और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापना को लेकर चल रहे विवाद के मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए जिला प्रशासन को 6 सप्ताह के भीतर समाधान निकालने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने डीएम बरेली को निर्देश दिया है कि वे अधिकारियों की एक समिति बनाकर दोनों पक्षों से बातचीत करें और सौहार्दपूर्ण हल निकालें। पूरी कार्यवाही की रिपोर्ट शपथ पत्र के जरिए कोर्ट में पेश करने को कहा गया है।

गाटा संख्या 51 की 0.0630 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में देवस्थान के रूप में दर्ज है। इसी भूमि पर अतिक्रमण और प्रतिमा स्थापना को लेकर गांव में दो गुट आमने-सामने हैं। एक पक्ष यहां धार्मिक गतिविधियां जारी रखना चाहता है, जबकि दूसरा पक्ष डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर चुका है।

प्रशासनिक रिपोर्ट में सामने आया कि 14 अप्रैल 2025 को यहां चबूतरा बनाकर आंबेडकर जयंती मनाई गई थी, जिसे विरोध के बाद हटा दिया गया था। इसके बाद 6-7 जून की रात को दोबारा उसी स्थान पर प्रतिमा स्थापित कर दी गई, जिससे गांव में तनाव फैल गया ।मामले में दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमे भी दर्ज कराए गए हैं। पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई की है।

डीएम के निर्देश पर तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह और कोतवाल अरुण कुमार पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत की, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। अनुसूचित समाज के लोगों ने प्रतिमा हटाने से साफ इनकार कर दिया।

# नवाबगंज में दिनदहाड़े दो जगह पर चोरी, रोष

संवाददाता,नवाबगंज

**अमृत विचार:** कस्बे में रविवार को दिनदहाड़े हुई दो चोरी की घटनाएं हो गई । खास बात यह रही कि दोनों घटनाएं सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गईं और फुटेज में एक ही युवक दोनों जगहों से सामान ले जाते दिखाई दे रहा है।

पहली घटना तहसील परिसर की है। यहां टाइपिस्ट का कार्य करने वाले बाबूराम छुट्टी के दिन अपने चैंबर की सफाई करने पहुंचे थे। सुबह करीब 11 बजे वह मोबाइल ठीक कराने बाजार रोड की एक दुकान पर गए। थोड़ी देर बाद लौटे तो उनका प्रिंटर गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा, जिस पर उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। दूसरी घटना बाईपास मार्ग स्थित एक दुकान पर हुई। वेलदारान निवासी मो. इरफान की दुकान से सुबह एक युवक 32 इंच की एलईडी उठाकर फरार हो गया। दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज देखी तो उसमें युवक एलईडी के साथ-साथ एक प्रिंटर भी ले जाते दिखा, जो चैंबर से चोरी हुआ बताया जा रहा।

### उपराला में मंदिर से आधा दर्जन घंटे चोरी

**गुलड़िया :** गुलड़िया उपराला गांव में रात चोरों ने गौरीशंकर शिव मंदिर को निशाना बनाते हुए मंदिर के पूर्वी गेट पर लगे आधा दर्जन घंटे चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह उस समय हुई जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और देखा कि सभी घंटे गायब हैं। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक व्यक्ति घंटों की जंजीर काटते और घंटों को ले जाता नजर आया। फुटेज में आरोपी का चेहरा स्पष्ट नहीं हो सका, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

## परोथी में अन्नपूर्णा भवन निर्माण को लेकर विवाद

**नवाबगंज, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत परोथी में राशन वितरण हेतु प्रस्तावित अन्नपूर्णा भवन का निर्माण विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम प्रधान भवन का निर्माण टांडा मजरे में करवाना चाहते थे, लेकिन अन्य तीन मजरों परोथी, रहमतुल्ला और सरदार नगर के विरोध के कारण प्रशासन ने निर्माण को रोक दिया।

आरोप है कि अधिकांश सरकारी भवन टांडा मजरे में ही बनाए गए हैं, जबकि सरदार नगर में कोई निर्माण नहीं हुआ है। इसी कारण आज प्रशासन ने चार मजरों की खुली बैठक कर जनमत लेने का निर्णय किया। बैठक में लोगों ने सरदार नगर के पक्ष सहमति जताई । बैठक में मौजूद एडवोकेट सुनीता गंगवार ने प्रशासन से कहा कि भवन का निर्धारण केवल जनता की सहमति से किया जाना चाहिए, ग्राम प्रधान की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी।

# सगे भाइयों के शव पहुंचे शोक में डूबा गिरधरपुर

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** गांव गिरधरपुर के दो युवकों की मौत हो गई। मरने वाले दोनों युवक सगे भाई थे। सिलेंडर में लगी आग की चपेट में आए भाई को बचाने के चक्कर में दूसरा भी लपटों में घिर गया। दिल्ली के अस्पताल में दोनों की मौत हो गई। दोनों के शव शाम गांव पहुंचे, तो हर किसी की आँखें नम हो गई।

मोहम्मद हारुन के बेटे ज़िरार और शहज़ाद कारोबार के सिलसिले में अलीगढ़ में एक किराए के मकान में रहते थे। ज़िरार (30 ) वहां कमीशन पर धान का काम करता था, जबकि उसका छोटा भाई शहज़ाद ( 24) चाय का होटल चलाता था। 31 मार्च की रात को इनके कमरे में रखे सिलेंडर में आग लग गई। अचानक लगी आग से पहले से वह कुछ समझ नही पाया फिर हिम्मत करके उसे बुझाने लगा। आग बुझाने के चक्कर में शहज़ाद आग की चपेट में आ गया। शहज़ाद को लपटों में फंसा देख ज़िरार उसको बचाने की कोशिश करने लगा, और खुद भी उसकी चपेट में आ गया। आग से दोनों भाई बुरी तरह झुलस गए। अलीगढ़ के अस्पताल से इनको दिल्ली रेफर कर दिया गया, लेकिन वहाँ भी उनको बचाया नहीं जा सका। थोड़े समय के अंतराल में दोनों की मौत हो गई। एक एक करके दोनों के शव गांव में पहुंचे तो पूरे गांव में मातम छा गया। उनके जनाज़े में बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए।



मृतक जिरार व शहजाद। ● अमृत विचार

- कारोबार के लिए दोनों भाई गए थे अलीगढ़, वहीं हुआ हादसा
- अलीगढ़ में रहे भर्ती वहां से रेफर किया दिल्ली
- आग में घिरे भाई को बचाने में दूसरा भाई भी चपेट में आया
- कमरे में रखे सिलेंडर में रात में लग गई थी आग

## भाजपा जिला अध्यक्ष की पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी, रिपोर्ट

**नवाबगंज,अमृत विचार:** भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार दिवाकर ने उनकी और भाजपा संगठन के जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा की पोस्ट पर अभद्र टिप्पणिया किए जाने को लेकर पुलिस से शिकायत की है और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आरोप है कि 4 अप्रैल को फेसबुक पर जितेन्द्र गंगवार नाम के व्यक्ति द्वारा की गई टिप्पणियों को अत्यंत अश्लील और अपमानजनक बताया। उन्होंने कहा कि यह जानबूझकर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने और मानसिक उत्पीड़न करने का प्रयास है जो ठीक नहीं है। विनोद कुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होते ही सक्रियता दिखाई है। पोस्ट करने वाले की तलाश में टीम लगा दी गई है।

# फरीदपुर में ओवरब्रिज निर्माण पर उठा विवाद

संवाददाता, फरीदपुर

- बक्सरिया टीचर्स कॉलोनी के निवासियों में मामले को लेकर भारी रोष व्याप्त

**अमृत विचार:** फरीदपुर-बुखारा रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के नीचे बनाई जा रही सर्विस रोड की कम चौड़ाई को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बक्सरिया टीचर्स कॉलोनी के निवासियों ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी मल्लिका नैन को ज्ञापन सौंपकर गंभीर चिंता जताई है।

ज्ञापन में बताया गया कि राज्य सेतु निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य के तहत सर्विस रोड की मानक चौड़ाई 3.5 मीटर निर्धारित है, लेकिन बक्सरिया क्षेत्र में एक ओर यह सड़क महज करीब 2 मीटर ही बनाई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह न केवल तय मानकों का उल्लंघन है, इससे यातायात और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा भी बन सकता है।

लोगों ने आरोप लगाया कि एक दिशा में सड़क अपेक्षाकृत चौड़ी बनाई जा रही है, जबकि दूसरी ओर जानबूझकर कम जगह छोड़ी जा रही है। इससे आवागमन में दिक्कतें बढ़ेंगी। साथ ही जल निकासी के लिए बनाए जा रहे नाले के कारण आगे चलकर सड़क और संकरी होने की आशंका भी जताई गई है।

निवासियों ने मांग की है कि सर्विस रोड का निर्माण दोनों ओर समान और निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने नायब तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए हैं।ज्ञापन सौंपने वालों में दीपक सक्सेना, सुनील गुप्ता, मेवाराम गंगवार, राजेश शर्मा, ज्ञानेश कुमार शर्मा, छेदालाल, रामनाथ चंदेल, जय प्रकाश सक्सेना, रमेश चंद्र,आदि रहे।







### मानसिक कमजोर व्यक्ति ने स्वयं को मारा चाकू, भर्ती

**कैंट, अमृत विचार :** चनेहटी में एक मानसिक कमजोर युवक ने स्वयं अपनी गर्दन पर घरेलू चाकू से वार कर लिया। कैंट पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक कैंट संजय कुमार धीर ने बताया, कि चनेहटी निवासी श्याम सिंह अविवाहित है, मंगलवार सुबह करीब 4 बजे उसके अचानक चिल्लाने की आवाज पर छोटा भाई बृजपाल उसके पास पहुंचा। तब वह गर्दन पर चाकू से वार कर चुका था। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## न्यूज डायरी

### डायट में हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**फरीदपुर अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान( डायट ) में मंगलवार को हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भाषण, निबंध प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिताएं हुईं। डायट प्राचार्य दीप्ति वार्ष्णेय के निर्देशन में हुई प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न डीएलएड कॉलेज से आए हुए प्रशिक्षुओं तथा डाइट प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में डायट प्रशिक्षु कृतिका तिवारी ने प्रथम स्थान, सैय्यदा एमन ने द्वितीय स्थान तथा सुप्रीत शर्मा तीसरे स्थान पर रहीं ।पोस्टर प्रतियोगिता में डाइट की डीएलएड 2024 बैच की मोनिका कुमारी को प्रथम , रितिका मेहता द्वितीय, और भावना को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। निबंध प्रतियोगिता में सादियां नूर प्रथम , ज्योति द्वितीय, अनु तोमर तीसरे स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ कृष्ण कुमार, श्रीकांत मिश्रा, आकांक्षा, अर्चना, फहमिना, ममता रहे। नोडल प्रभारी भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता सूर्य प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम संचालन डॉ नीति माहौर ने किया।




### धूमधाम से मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**रिठौरा, अमृत विचार :** राजश्री कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस समर्पण के साथ मनाया गया। वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए नर्सिंग छात्राओं के बीच एक जीवंत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक रोहन बंसल ने छात्राओं को अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्ध रहने और समाज में स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में स्वास्थ्य पेशेवरों की भूमिका पर जोर दिया गया। प्रतियोगिता में बी .एससी . नर्सिंग छात्रा सृष्टि यादव ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रुकसार को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। ऑपरेशन थिएटर कार्यक्रम के छात्रों राहुल और पवन ने अपने सराहनीय प्रदर्शन के लिए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।




### जागरूकता रैली निकाल स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

**बिथरीचैनपुर अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय केसरपुर में 'स्कूल चलो अभियान', पुस्तक वितरण एवं शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल एवं विशिष्ट अतिथि बीएसए डॉ विनीता रहीं। कार्यक्रम बीईओ विजय कुमार की अध्यक्षता में कराया गया ।रश्मि पटेल ने आंगनबाड़ी के नवीन कक्ष का उद्घाटन, परिसर में वृक्षारोपण, बच्चों को पुस्तक वितरण और स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।बीएसए डॉ विनीता ने कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत कर बच्चों के नामांकन एवं नियमित उपस्थिति पर जोर दिया। इस दौरान सौरभ शुक्ला, नम्रता वर्मा, पवन मिश्रा, विनीत शुक्ला, राम मोहन तिवारी, नरेंद्र ,जितेंद्र गंगवार आदि रहे।



## युवकों ने ठेला संचालक को हाकी से पीटा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** ढेले पर खाना बेचने वाले को कुछ लड़कों ने रास्ते में घर जाते समय हाकियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया।बेसुध हालत में मृत समझकर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने घायल को बरेली अस्पताल भेजा है।

गांव कुरतरा निवासी प्यारे लाल दिवाकर अपनी पत्नी के साथ लोधीनगर चौराहे के पास खाना का ठेला लगाते है। मंगलवार शाम वह ठेला लेकर घर जा रहे थे। शाही रोड पर चौड़ा खड़ंजा के पास अचानक तीन लड़के हॉकी लेकर आए और प्यारे लाल को को बेरहमी से पीट दिया। इससे वह लहूलुहान होकर बेसुध होकर गिर गए। आरोपी उन्हें मृत समझकर छोड़कर भाग गये। जिला अस्पताल में भर्ती घायल के पैर में प्लास्टर चढ़ाया गया है। अंदरूनी चोटें भी खूब आई हैं। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया पीड़ित किसी से भी अपनी रंजिश नहीं बता रहा है और आरोपियों को पहचान भी नहीं पाया है। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र फिरोज व पुत्रवधू इसमत को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **अफजाल पुत्र नन्नू खां निवासी मोहल्ला हजियापुर थाना बारादरी जिला बरेली।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **कुलदीप सिंह पुत्र देवेश कुमार सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट अखा तहसील आंवला थाना बिशारतगंज जनपद बरेली** मेरी बीएससी वर्ष 2016 की डिग्री अनुक्रमांक 7331220080 सीरियल नं. 18068 एनरॉलमेन्ट नं. 13105233 वास्तव में कहीं खो गया है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **यदि किसी को मिले तो निम्न मो.नं. पर सूचित करें। मो. 7982693005**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

